पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

पूर्व सैनिकों के पुनर्वास हेतु राज्यपाल ने अनुदान हस्तांतरित किया

वीर सैनिकों के कल्याण हेतु हमें हर संभव सहायता करना चाहिए– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 18 फरवरी, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज पी0आर0सी0 किरकी (पुणे) को अपनी बास्केटबॉल टीम के लिए विशेष उपकरणों के रखरखाव व प्रशिक्षण हेतु 10 लाख रूपये एवं गतिशील उपकरणों के लिए पी0सी0सी0 मोहाली (पंजाब) को 11.70 लाख रूपये अनुदान राजभवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हस्तांतरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे वीर सैनिक जो देश की सेवा करते हुए घायल या विकलांग हो जाते हैं, उनका हौसला देश के प्रति फिर भी कम नहीं होता। हमें ऐसे वीर सैनिकों के लिए हर संभव ऐसे उपाय करने चाहिए कि उनका उत्साह किसी भी दशा में कम न हो।

ज्ञातव्य है कि पैराप्लेजिक पुनर्वास केन्द्र, किरकी (पुणे) और मोहाली (पंजाब) भारतीय सशस्त्र बलों के 100 प्रतिशत विकलांग पूर्व सैनिकों की देखभाल और पुनर्वास प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश से पी0आर0सी0 किरकी में चार 100 प्रतिशत विकलांग पूर्व सैनिकों एवं पी0आर0सी0 मोहाली में पांच 100 प्रतिशत पूर्व सैनिकों का पुनर्वास किया जा रहा है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता एवं उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि के सचिव ब्रिगेडियर रवि उपस्थित थे तथा वर्चुअली रूप से पी0आर0सी0 किरकी (पुणे) के निदेशक कर्नल आर0के0 मुखर्जी, पी0आर0सी0 मोहाली (पुणे) के निदेशक कर्नल गुरकीरत सिंह नागर ने सहभाग किया।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (152/18)

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर प्रदेश


Secretary UP Sainik Punarvas Nidhi Lucknow is presenting
12:20 PM
GRANT PROVIDED TO THE
PARAPLEGIC REHABILITATION CENTRE
KIRKEE, PUNE
&
PARAPLEGIC REHABILITATION CENTRE
MOHALI (PUNJAB)
BY
UTTAR PRADESH SAINIK PUNARVAS NIDHI
GOVERNOR'S SECRETARIAT, LUCKNOW
Meeting details